>

Title: The Minister of State of the Ministry of Corporate Affairs laid a statement regarding status of implementation of the recommendations contained in the 55th Report of the Standing Committee on Finance on Demands for Grants (2012-13), pertaining to the Ministry of Corporate Affairs.

**कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सचिन पायलट):** महोदय, मैं माननीय लोक सभा अध्यक्ष के निदेश 73क के अनुसरण में कारपोरेट कार्य मंत्रालय की अनुदान मांगों (2012-13) के संबंध में वित्त संबंधी स्थायी समिति (15वीं लोक सभा) की 55वीं रिपोर्ट में निहित सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति से संबंधित एक विवरण सभा पटल पर रखता हूं।

समिति द्वारा उपर्युक्त रिपोर्ट में कुछ चौदह सिफारिशें की गई थीं, जिनमें सरकार की ओर से कार्यवाही अपेक्षित थी। सरकार ने समिति की सभी सिफारिशें 'सैद्धांतिक रूप में' स्वीकार कर ली हैं। समिति द्वारा की गई विभिन्न सिफारिशों के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति इस विवरण के अनुलग्नक में दी गई है, जिसे सभा पटल पर रख दिया गया है। मैं अनुलग्नक के सभी विÂ◌ायों को पढ़ने में सदन का मूल्यवान समय नहीं लूंगा। मेरा अनुरोध है कि कृपया इसे पढ़ा गया माना जाए।